Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding starting of air services at Helipads/Airports built under UDAN Yojna.

एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर): मान्यवर, आपने मुझे अविलंबनीय लोकमहत्व के विषय पर बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। भारत सरकार द्वारा उड़ान योजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड में कई मार्गों पर हवाई जहाज एवं हेलीकॉप्टर की सेवाएं प्रारम्भ करवाई गई थीं, लेकिन वे बीच में ही रुक गई हैं और जो कुछ चल रही थीं, वे भी रुक गई हैं तथा कुछ प्रारम्भ ही नहीं हो पाई हैं, जबकि केन्द्र सरकार ने पूर्णत: स्वीकृति प्रदान कर दी थी।

मान्यवर, उत्तराखण्ड की नियति में आपदाएं आना निश्चित हैं। वहां पर कभी बादल फट जाते हैं, कभी पहाड़ खिसक जाते हैं तो कभी नदियां उफान पर होती हैं। इसलिए सरकार ने यह निर्णय लिया था कि वहां पर हेली-सर्विस चले। सभी हेलीपेड और एयपोर्ट्स बनकर तैयार हैं। केन्द्र सरकार ने स्वीकृति दे दी है। डीजीसीए हवाई सेवाएं क्यों प्रारम्भ नहीं कर रहा है, यह बहुत कष्ट की बात है।

मान्यवर, देहरादून-गौचर-देहरादून, देहरादून-चिन्यालीसौड़-देहरादून, हल्द्वानी-हरिद्वार-देहरादून-हल्द्वानी, हल्द्वानी-धारचूला-हल्द्वानी, पंतनगर-नैनीताल-पंतनगर, पंतनगर-अल्मोड़ा-पिथौरागढ़, पंतनगर से पिथौरागढ़ और देहरादून से पिथौरागढ़ तथा हिंडन से पिथौरागढ़, ये सभी सर्विसेज स्वीकृत पड़ी है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से एविएशन मिनिस्ट्री से निवेदन है कि तुरन्त इन सेवाओं को जो भारत सरकार ने स्वीकृत की हैं, उनको प्रारम्भ करने की कृपा की जाए।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को एडवोकेट अजय भट्ट द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।